Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

an>

Title: Regarding Khairlangi carnage in Maharashtra.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर): अध्यक्ष महोदय, महाराट्र के भण्डारा जिले में खैरलांजी गांव में कुछ दिन पहले चार दलितों की हत्या की गई और आरोपियों को अरेस्ट भी किया गया है। इस घटना की सीबीआई द्वारा जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। देश में दलितों पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। कल कानपुर में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के स्टेच्यू की गर्दन तोड़ दी गई, जिसकी वजह से दलितों में काफी संताप है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि वह इस घटना की प्रदेश सरकार से पूरी जानकारी लेकर इसकी जांच कराए और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दे। केन्द्र सरकार को दलितों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए कोई ठोस योजना बनानी चाहिए। इसके भारत सरकार को सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करना चाहिए, जो यह देखे कि किस प्रकार से दलितों के हितों का संरक्षण हो और उन्हें सुरक्षा मिले।